केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
Kendriya Vidyalaya Sangathan
18 संस्थानिक क्षेत्र
18 Institutional Area,
शहीद जीत सिंह मार्ग
Shaheed Jeet Singh Marg
नई दिल्ली – 110016
New Delhi – 110016
Tele.011-26858570/26514179(Fax)
Website: www.kvsangathan.nic.in

फा.11029/2016/केविसं(मु.)/स्था-II/टीपी दिनांक: 11.09.2017

वार्षिक स्थानांतरण 2017 के संबंध मे सूचना

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के समस्त कार्मिकों को सूचित किया जाता है कि शिक्षको एवं कार्मिको के व्यापक हितों को ध्यान में रखकर संगठन ने वर्ष 2017 में स्थानांतरण दिशा-निर्देशों को और अधिक कार्मिक हितैषी और समुन्नत बनाने के लिए व्यापक संशोधनों के साथ लागू करने का निर्णय लिया तथा 26.04.2017 को इन निर्देशों को अधिसूचित किया गया।

तत्पश्चात वार्षिक स्थानांतरण प्रक्रिया की ऑनलाइन व्यवस्था को अधिक कारगर एवं सुदृढ़ बनाने का निश्चय कर अत्याधुनिक तकनीकी के माध्यम से स्थानांतरण प्रक्रिया को संपादित करने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र सेवा संस्थान (NICSI) के माध्यम से विधिवत प्रक्रिया अपना कर सूचना तकनीकी के क्षेत्र में पर्याप्त अनुभव रखने वाली एजेंसी टेक महिन्द्रा (Tech Mahindra) को सॉफ्टवेयर निर्माण का कार्य दिनांक 29.05.2017 को सौंपा गया।

आप सबको यह भलीभांति ज्ञात है कि संगठन के जटिल एवं विस्तृत स्थानांतरण दिशानिर्देशों के आधार पर सॉफ्टवेयर निर्माण एक कठिन कार्य है और इसके लिए पर्याप्त समय और श्रम की आवश्यकता होती है। संगठन ने सॉफ्टवेयर डेवलपर एजेंसी को इस चुनौतीपूर्ण कार्य को निम्नतम समय अवधि में पूरा करने का निर्देश दिया ताकि स्थानांतरण प्रक्रिया को कम समय में संपन्न किया जा सकें। यहाँ यह उल्लेख करना आवश्यक है कि स्थानांतरण हेतु तैयार सॉफ्टवेयर को संगठन द्वारा प्रतिवर्ष अपनाई जाने वाली स्थानांतरण प्रक्रिया को क्रियांवित करने की योजना के अनुरूप निर्मित किया गया है ताकि आगामी वर्षों में इसका प्रयोग होने से वित्तीय व्यय, श्रम व समय की बचत की जा सके। आगामी वर्षों में इसी सॉफ्टवेयर के माध्यम से अप्रैल व मई माह में स्थानांतरण प्रक्रिया यथासमय सम्पन्न की जा सकेगी। संगठन की इस दूरगामी योजना का लाभ निसंदेह संगठन एवं इसके समस्त कार्मिकों को होगा।

8 जुलाई, 2017 से आरंभ हुई ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया की अंतिम तिथि को कार्मिकों के अनुरोध पर दो बार आगे बढ़ाया गया। स्थानांतरण अंक एवं विस्थापन अंकों के प्रदर्शन के पश्चात संगठन को 3000 से अधिक कार्मिकों के प्रतिवेदन प्राप्त हुए जिसमें उन्होंने स्वंय की त्रुटिवश अथवा तकनीकी कारणों से हुई गलतियों को सुधारने का अनुरोध किया। संगठन ने कर्मचारियों के व्यापक हित में इन सभी त्रुटियों का परिमार्जन किया जो एक कठिन और श्रमसाध्य कार्य था। इसके कारण बहुत अधिक समय सुधार में व्यतीत हुआ है। साथ ही पंजाब व हरियाणा में कानून व्यवस्था के दृष्टिगत ईन्टरनेट की सेवा कुछ समय बाधित होने से गुड़गांव व चंड़ीगढ़ संभाग के कार्मिकों का डाटा संगठन मुख्यालय को काफी विलंब से प्राप्त हुआ।

संगठन को शिक्षकों एवं कार्मिकों की ओर से बार-बार वार्षिक स्थानांतरण आदेश जारी करने के अनुरोध और विलंब होने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं जिसके कारण आप सबके संज्ञान में उपरोक्त तथ्य लाने की आवश्यकता महसूस हुई। आप सभी को यह भी सूचित किया जाता है कि संगठन वार्षिक स्थानांतरण प्रक्रिया 2017 को शीघ्र-अतिशीघ्र यथासंभव 2-3 दिनों के भीतर संपन्न करने के लिए अनवरत प्रयासरत है ताकि स्थानांतरण के अभिलाषी कार्मिकों को और अधिक समय प्रतीक्षा न करनी पड़ें। संगठन अपने कार्मिकों के हितों के प्रति पूर्णतया सजग व संवेदनशील है।

(एस.एस चौहान) 11/9/17
सहायक आयुक्त (स्था.2/3)